हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 फरवरी 2026

06 आक्रोशित ग्रामीणों ने नहीं लगाने दिया स्मार्ट मीटर...



07 क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम...





## खबर संक्षेप

### 16 लीटर कच्ची मदिरा और 330 किलो महुआ लाहन जब्त किया



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्राम फांगिया, ब्रिजिशनगर एवं बावड़िया चोर में दबिश दी गई और आबकारी अधिनियम के तहत 07 प्रकरण दर्ज कर लगभग 16 लीटर कच्ची मदिरा एवं 330 किलों महुआ लाहन जब्त किया गया। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 36400 रूपये है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, आबकारी आरक्षक प्रियवंदना पाण्डे, प्रियंका यादव एवं नगर सैनिकों द्वारा की गई।

### गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 से होगा प्रारंभ

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 07 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों से सभी पात्र किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस श्रेणी के किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों एवं सहकारी संस्थाओं को पंजीयन कार्य में सहयोग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

# विधायक सुदेश राय की पहलः सीहोर विधानसभा के 197 गांवों में विद्युतीकरण पूर्ण, अब 26 गांव की 31 नई बसाहटें भी होंगी रोशन

### विधानसभा सत्र में विधायक सुदेश राय द्वारा किए सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने दिया जवाब





**सीहोर।** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक सुदेश राय ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विद्युतीकरण और मजरों-टोलों की बिजली समस्या को प्रमुखता से उठाया। विधायक राय के सवाल पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सदन में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सीहोर विधानसभा क्षेत्र के 197 राजस्व ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। विधायक सुदेश राय ने विधानसभा में ग्रामीण अंचलों के विद्युतीकरण की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी। इसके जवाब में सरकार ने बताया कि विभिन्न पूर्ववर्ती ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के तहत आछारोही, अहमदपुर, दोराहा, श्यामपुर और अहमदपुर जैसे कुल 197 गांवों के मजरों और टोलों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। विधायक की सक्रियता के कारण इन क्षेत्रों की सूची भी पुस्तकालय में पटल पर रखी गई है।

### सर्वे पूरा, 375 घरों को जल्द मिलेगी बिजली

विधायक सुदेश राय के प्रयासों का ही परिणाम है कि राज्य शासन के नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्षेत्र में विस्तृत सर्वे कराया गया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 26 गांवों की कुल 31 नई बसाहटों में विद्युतीकरण हेतु सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन बसाहटों में कुल 375 अविद्युतीकृत घर चिन्हित किए गए हैं। सर्वे सूची के अनुसार सेमरादांगी (मजीद मोहल्ला) 09 घर, सिराड़ी (माथुर कॉलोनी) 22 घर, पाटन (खजूरी पेड़ वाली) 31 घर, इमलिया (भट्टा क्षेत्र) 37 घर, मगरदी (हरिजन मोहल्ला) 25 घर शामिल हैं। इसी तरह दोराहा की सपेरा बस्ती, रायपुर का बंजारा मोहल्ला और अहमदपुर के कांकड़ हनुमान मंदिर के पास की बसाहटों को भी योजना में शामिल किया गया है।

**सक्रियता से रुकी योजनाओं को मिलेगी गति :** ऊर्जा मंत्री ने सदन में स्पष्ट किया कि इन 31 बसाहटों में सर्वे तो पूरा हो चुका है, लेकिन वर्तमान में इनकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। विधायक सुदेश राय ने इन छूटे हुए घरों और सार्वजनिक संस्थाओं को जल्द से जल्द बिजली ग्रिड से जोड़ने की मांग उठाई है।

#### घर रोशन करना ही प्राथमिकता

सुदेश राय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर तक बिजली पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। सर्वे पूरा होने के बाद अब उनकी कोशिश इन कार्यों के लिए जल्द बजट और तकनीकी स्वीकृति दिलाने की है, ताकि अहमदपुर से लेकर श्यामपुर तक की नई कॉलोनियां और पिछड़े मोहल्ले अंधेरे से मुक्त हो सकें।

#### इन गांवों में कार्य पूर्ण हुआ

जिन गांवों में यह कार्य पूर्ण हुआ है उनमें आछारोही, अहमदपुर, बदरकसानी, बरखेड़ा, भीलखेड़ा, बिलोदिया, बुडाखेड़ा, चोकी, देहरी, हीरापुर, इमलिया, जहांगीरबाद, कसारखेड़ी, मगरा, मुंगावली, नीलबड़, पाटेर, पीलूखेड़ी, रामजाखेड़ी, सतानवाड़ी, शाहजहापुर, टाल, विशनखेड़ा, खजूरीकला, सेमरादांगी और श्यामपुर सहित 197 गांव शामिल हैं।

### कथा के अंतिम दिन हाईवे पर जाम जैसी स्थित, रेंगकर चले वाहन, रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का सैलाब

# शिव को आडंबर से नहीं, सादगी, निस्वार्थता और सच्चे भाव से किया जा सकता है प्रसन्न : पं. मिश्रा

कथा में 12 ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य और माता पार्वती द्वारा शिव के विभिन्न रूपों को पहचानने की कथा का वर्णन किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अध्यात्म का मतलब रील बनाना नहीं, बल्कि जीवन की हकीकत में परमात्मा को महसूस करना, भगवान रील बनाने से नहीं, बल्कि अपने ओरिजिनल रोल जीवन की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने से मिलते हैं। कुबेरेश्वरधाम पर आने वाले भक्त अपनी आस्था और विश्वास के बल पर शिव कृपा को प्राप्त करते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के अंतिम दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। शुक्रवार को बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण इंदौर-भोपाल पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। यातायात दुरुस्त करने में घंटों तक रेंगकर चले वाहन।

शुक्रवार को पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि भगवान शिव को चमक-दमक, दिखावे या आडंबर से नहीं, बल्कि सादगी, निस्वार्थता और सच्चे भाव से प्रसन्न किया जा सकता है। शिव को भोलेनाथ इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वे आडंबर से दूर, शुद्ध प्रेम और भक्ति के भूखे हैं। महादेव अपने भक्तों पर सदा कृपा बरसाते है, हम धरती पर लोगों से प्यार करते हे, इसलिए हमें धोखा मिलता है, ईश्वर से प्रेम करें तो कभी धोखा नहीं मिलेगा। शिवजी एक लोटा से हमारे कल बदल देंगे। यह निश्चित है, भले ही इसमें थोडा समय लग सकता है, लोटे में जल भरकर मुस्कुराते हुए मंदिर जाएं, चाहे कितनी भी परेशानी क्यों न हो, आपके चेहरे पर भगवान हमेशा के लिए मुस्कान दे देंगे। अपना संबंध शिव से जोड़ें। यह न समझें कि भगवान नहीं सुनते, वे सबकी सुनते है। नए साल पर एक लोटा जल हर समस्या का हल एक धार्मिक आस्था और सरल उपाय है, जो मुख्य रूप से भगवान शिव को समर्पित है, जिसका मतलब है कि सच्चे मन और श्रद्धा से चढ़ाया गया एक लोटा जल सभी दुखों और बाधाओं को दूर कर सकता है, जो सिर्फ दिखावा नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता और समर्पण की मांग करता है, ताकि सकारात्मक ऊर्जा से जीवन में सुख-शांति आ सके। कथा के अंतिम दिवस पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर सेवा देने आए हजारों की संख्या में सेवादारों का सम्मान किया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा आदि शामिल थे। कुबेरेश्वर धाम की पावन धरा पर आयोजित सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण कथा का आज श्रद्धा, भक्ति और अटूट विश्वास के साथ भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन बड़ी की संख्या में उमड़े श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर नजर आए। कथा के मुख्य वक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा जी ने भक्तों को शिव भक्ति, सदाचार और संस्कारों का मार्ग दिखाया। कथा के अंतिम दिन की शुरुआत पंडित श्री मिश्रा के पुत्र राघव मिश्रा ने भजन और प्रेरक वचनों के साथ की। पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने प्रवचन में जीवन के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दियाः इंसान की सुंदरता क्रीम या बाहरी दिखावे से नहीं, बल्कि उसके संस्कारों और शिवभक्ति से होती है। जैसे वृक्ष की सुंदरता फल-फूल से है, वैसे ही मनुष्य की सुंदरता उसके अच्छे कर्मों से है। उन्होंने युवाओं और श्रद्धालुओं से भावपूर्ण अपील की कि वे व्यसनों (नशे) का पूर्ण त्याग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान शिव या किसी भी देवी-देवता ने कभी नशा नहीं किया, अतः सच्ची भक्ति का मार्ग संयम और सदाचार का है। कुबेरेश्वर धाम की महिमाः पंडित जी ने कहा कि यह केवल एक स्थान नहीं, बल्कि भक्तों के लिए पिता का घर (मायका) है। यहाँ की मिट्टी (रज) और कंकड़ में भी शंकर का वास है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जो यहाँ से दिल से मांगकर जाएगा, बाबा उसकी झोली अवश्य भरेंगे। कथा में 12 ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य और माता पार्वती द्वारा शिव के विभिन्न रूपों को पहचानने की कथा का वर्णन किया गया। पंडित जी ने कुबेरेश्वर धाम को शिव के 13वें रूप के समान कल्याणकारी बताया।

#### रुद्राक्ष वितरण आगामी 15 मार्च से




समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शुक्रवार को रुद्राक्ष महोत्सव का भव्य समापन किया गया है। इस मौके पर सात दिवसीय शिव महापुराण का श्रवण करने के लिए अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, अंतिम दिवस श्रद्धालुओं के कथा से वापस जाने के कारण अनेक बार घंटों तक जाम हाईवे पर जाम जैसी स्थिति निर्मित रही। प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ लौट रहे श्रद्धालुओं को सकुशल वापसी कराई। उन्होंने बताया कि आगामी 15 मार्च से रुद्राक्ष वितरण आरंभ किया जाएगा। धाम से लौटने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुबह से भोजन प्रसादी का इंतजाम नगर विठलेश सेवा समिति की नगर ईकाई ने रेलवे स्टेशन पर किया था। वहीं सात दिनों तक श्रद्धालुओं के भोजन प्रसादी का वितरण निरंतर धाम पर आधुनिक भोजनशाला से किया गया।



#### विशिष्ट अतिथियों का आगमन


समापन के इस पावन अवसर पर कौशिक महाराज एवं अन्य संत उपस्थित रहे। कौशिक महाराज ने 'हर-हर महादेव, घर-घर महादेव के जयकारों से वातावरण को शिवमय कर दिया। साथ ही प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का समिति द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।



### भोपाल नाका चौराहा पर होगी प्रतिमा स्थापित, तेजी से चल रही तैयारियां

# 22 को होगा राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




नगर के भोपाल नाका चौराहे पर 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे परमार वंश के महान शासक राजा भोज की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सीहोर नगर पालिका परिषद एवं समस्त परमार समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पिछले 15 दिनों से लगातार तैयारियां चल रही हैं और समाजजन घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सहित सीहोर व शाजापुर जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजजन शामिल होंगे।

भोपाल नाका चौराहे पर स्थापित की जा रही राजा भोज की प्रतिमा प्रदेश के गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक मानी जा रही है। आयोजकों का कहना है कि राजा भोज ने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, जल प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की प्रेरणा देती रहेगी। प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने पर परमार समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के प्रति आभार भी व्यक्त किया जाएगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंच, स्वागत द्वार, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारियां की गई हैं।

अनावरण समारोह के पश्चात मुरली स्थित राजा भोज मैरिज गार्डन में समाजजन एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। वार्ड 7 के पार्षद हेमलता विजेंद्र परमार और आयोजन के व्यवस्थापक व समिति के सदस्य विमल परमार ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर प्रदेश के लाल राजा भोज की प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# सुबह रिमझिम बारिश से मौसम में घुली ठंडक छाए बादल, पारा लुढ़कने से फिर बढ़ी ठंड



**सीहोर।** जिले में पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। लगातार दो दिन की गर्मी के बाद, आज सुबह से आसमान पर काले बादल छाए रहे और रिमझिम बारिश हुई। जिले का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बीते चार दिनों के दौरान, सीहोर में तापमान 12 से 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास केंद्रित रहा है। फरवरी माह का तीसरा सप्ताह चल रहा है और मौसम पहले सप्ताह की तुलना में लगातार विपरीत बना हुआ है।

**तीन दिन रोज सुबह बारिश हुई :** फरवरी के पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा और कड़ाके की ठंड का सामना लोगों ने किया था, वहीं दूसरे सप्ताह में रात के तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिली थी।

तीसरे सप्ताह की शुरुआत में तेज धूप के कारण लोगों को दोपहर में गर्मी का एहसास होना शुरू हुआ था, लेकिन परसों रात से मौसम का मिजाज बदल गया। आज सुबह 9 बजे तक सूरज नहीं निकला बादल छाए रहे। बुधवार रात के बाद गुरुवार सुबह और शुक्रवार सुबह भी हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ।

#### बीते दिनों न्यूनतम तापमान ऐसा रहा

10 फरवरीः 12 डिग्री सेल्सियस
11 फरवरीः 14 डिग्री सेल्सियस
12 फरवरीः 15 डिग्री सेल्सियस
13 फरवरीः 13 डिग्री सेल्सियस
14 फरवरीः 16 डिग्री सेल्सियस
15 फरवरीः 15 डिग्री सेल्सियस
16 फरवरीः 18 डिग्री सेल्सियस
17 फरवरीः 19 डिग्री सेल्सियस
18 फरवरीः 15 डिग्री सेल्सियस
19 फरवरीः 11 डिग्री सेल्सियस
20 फरवरीः 12 डिग्री सेल्सियस

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर-एसपी ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**सीहोर।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में आयोजित रूद्राक्ष महोत्सव के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं की वापसी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुगम वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं की वापसी को देखते हुए कलेक्टर-एसपी ने सीहोर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुरक्षित और व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए तथा यातायात सुगम बनाए रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। इसके साथ ही जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को शीतलहर से प्रभावित व्यक्तियों को त्वरित सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि मानव शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस रहता है, पर जब यह 35 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है तो अल्पताप अर्थात हाइपोथर्मिया की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो अत्यधिक ठंड, ठंडी हवा, बारिश में भीगने, गीले कपड़ों में रहने या लंबे समय तक खुले में रहने से हो सकती है। बुजुर्ग, छोटे बच्चे एवं बीमार व्यक्ति इस स्थिति में अधिक जोखिम में रहते हैं।

### नर्मदा - पार्वती लिंक परियोजना में छूटे दर्जन भर गांवों के लोगों में पनपा आक्रोश

# आक्रोशित ग्रामीणों ने नहीं लगाने दिया स्मार्ट मीटर ग्रामीण बोले सरकारी योजनाओं का भी करेंगे बहिष्कार

क्षेत्रवासियों का कहना है कि परियोजना में छूटे हुए गांवों को जुड़वाने के लिए वह कई बार वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं , लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नर्मदा - पार्वती लिंक परियोजना में छूटे तहसील क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के लोगों में अब भारी आक्रोश पनप रहा है। यही कारण है कि शुक्रवार को गांव दुदलई में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची बिजली वितरण कंपनी की टीम को ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवाने से साफ इंकार करते हुए लामबंद होकर शासन की योजनाओं के विरोध में जमकर नारेबाजी की। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि गांवों को पार्वती लिंक परियोजना में शामिल नहीं किया गया तो वह शासन की सभी योजनाओं का बहिष्कार करेंगे।

दरअसल क्षेत्रवासियों का कहना है कि परियोजना में छूटे हुए गांवों को जुड़वाने के लिए वह कई बार वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं , लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है। गौरतलब है कि जिले में पेयजल आपूर्ति और किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा करोड़ों की लागत से नर्मदा - पार्वती लिंक परियोजना शुरू की जा रही है। लेकिन तहसील क्षेत्र के आर्या, दौलतपुर, दुदलई सहित दर्जन भर गांवों को इस परियोजना में शामिल नहीं किया गया है। जबकि उक्त गांवों में गर्मी के मौसम में गंभीर जलसंकट गहराता है। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। इससे किसानों को मेहनत के अनुरूप उत्पादन नहीं मिलने से उनमें निराशा बनीं हुई है। दुदलई के राजेश जाट , पन्नालाल , कैलाश जाट जगदीश शर्मा , रामेश्वर , महेश संतोष , संतोष आदि किसानों का कहना है कि उक्त परियोजना के तहत डाली जा रही पाइप लाइन हमारे गांव की सीमा से होकर गुजर रही है , लेकिन इसके बावजूद इसका लाभ हमें नहीं मिल रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। रामचरण बामनिया सरपंच , योगेश जाट ने बताया कि परियोजना में छूटे हुए गांव पठारी क्षेत्र में होने के कारण इनमें गर्मी के शुरुआती दिनों में ही जलसंकट गहरा जाता है। लेकिन इसके बाद भी इन्हें राजनीतिक द्वेषपूर्ण तरीके से परियोजना से वंचित किया गया है। क्षेत्र के जगदीश शर्मा , सुआलाल जाट , रामभरोस जाखड़ आदि ने बताया कि गांवों को परियोजना में शामिल करने के लिए राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

उन्होंने कहा कि यदि जल्दी ही गांवों को परियोजना में नहीं जोड़ा गया तो क्षेत्रवासियों द्वारा शासन एवं उनकी सभी योजनाओं का बहिष्कार किया जाएगा।

#### यह गांव छूटे लिंक परियोजना में

नर्मदा - पार्वती लिंक परियोजना में छूटे गांव - आर्या , दौलतपुर , दुदलई , लालियाखेड़ी, कुंडीखाल, हरसपुर, रूपाढा, रूपदी, दुडलावा शामिल हैं।

#### नहीं लगाने दिए स्मार्ट मीटर

घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए टीम गांव पहुंची थी , लेकिन वहां ग्रामीणों ने लामबंद होकर विरोध किया साथ ही जमकर नारेबाजी की । ऐसे में टीम को बिना स्मार्ट मीटर लगाए ही लौटना पड़ा।

**विजय कुमार उईके,** जेई विद्युत वितरण कंपनी

# कोतवाली चौराहे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तीन मंत्रियों का पुतला जलाया



**सीहोर।** शुक्रवार को सीहोर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में शुक्रवार शहर के कोतवाली चौराहे पर प्रदेश सरकार के तीन कलंकित मंत्रियों का पुतला दहन कर उनके खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई और प्रदेश सरकार से इन तीनों मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की गई ज्ञात रहे कैलाश विजयवर्गी जिनकी विधानसभा के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई निर्दोष लोगों के जिम्मेदार हैं एवं उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार जी पर अपमानजनक टिप्पणी की थी इसी तरह प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की महिला अधिकारी के अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जबकि मध्य प्रदेश के कफ सिरप से हुई मौतों के जिम्मेदार राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के भी स्थिति की मांग की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती जी ने उपस्थित पत्रकारों से कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार और उसके मंत्री बेलगाम हो गए उन्हें जनता के सम्मान का ध्यान है ना मध्य प्रदेश में हो रही मृत्यु का ध्यान है उन्होंने नैतिकता खो दी है प्रदेश के मंत्री राजेंद्र शुक्ला जो सिरप कांड के दोषी है कैलाश विजयवर्गी जो रोज बदतमीजी कर रहे हैं उनकी भाषा अशोभनीय है कभी घंटा शब्द इस्तेमाल करते हैं जो नगरी प्रशासन मंत्री है और इंदौर के भागीरथपुरा कांड के दोषी है विजय शाह जिन्होंने बहन बेटियों का अपमान किया है कितनी लिस्ट बनाई कितने लोगों के बारे में बताएं करण सिंह वर्मा लाडली बहनों के अपमान करते हैं मंत्री विश्वास सारण के संरक्षण में गौ हत्याएं भोपाल में की जा रही है यह सब मध्य प्रदेश सरकार की नाक के नीचे हो रहा है इनका डकौसला है हिंदुत्व और गौ रक्षा यह लोग चंदा लेना जानते हैं और मध्य प्रदेश की सरकार पूरी तरह फेल हो गई है मोहन यादव सहित इन सबके इस्तीफे की मांग को लेकर आज कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर , सीताराम भारती, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, रमेश गुप्ता, रामायण प्रसाद शुक्ला, नरेंद्र खगराले, मुकेश ठाकुर, मुकेश गड़ोदिया, भगत सिंह तोमर ,कमलेश चांडक प्रेम नारायण परमार, अनुभव सेन नंदलाल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# कांग्रेस ने तीन मंत्रियों के पुतले फूंके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई द्वारा बुधवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्रियों के पुतले दहन किए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दूषित जल से हुई मौतों के मामले में जवाबदेही से बच रहे हैं। साथ ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

इसी क्रम में मंत्री विजय शाह पर सेना और महिलाओं के संबंध में अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की। वहीं मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को कफ सिरप से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीणा ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही कमजोर होती जा रही है। जनता से जुड़े गंभीर मामलों में सरकार स्पष्ट रुख अपनाने में असफल रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जिम्मेदार मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में चंदर मीना, संजय पटेल हवेली, राजकुमार पटेल, राजेश पटेल, रामनिवास ढांका, मुकेश शर्मा, राजाराम मीना, फूतर सिंह बारेला, शहजाद खान, राहत खान, कंचन दादा, सिब्बू शर्मा, रेवा शंकर साहू, पिंटू मीणा, राजेश बारेला, अंकित पवार, अनार सिंह सूर्यवंशी, रामोतार दादा सुआपानी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फसल को बरसात व ओलावृष्टि से बचाने के लिए की पूजा



**सीहोर।** ग्राम चंदेरी के किसानों ने गोबर का गोवर्धन पहाड़ बनाकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में प्रार्थना कर पूजा पाठ की गई है कि हे इंद्रदेव भगवान है गोवर्धन पहाड़ देवता बे मौसम बरसात ओलावृष्टि से हमारे ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की फसलों को बचाया जावे और विगत 2 दिन से बे मौसम बरसात हो रही है। सीहोर जिले के आने को गांव में आंधी तूफान ओलावृष्टि हो रही है इससे हमें बचाया जाए किसानों ने गोवर्धन पहाड़ देवता बनकर उस प्रार्थना की इस मौके पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा किसान शेर सिंह किस कारण सिंह किस बाबूलाल किसान केसर सिंह किशन राय सिंह किसान अचल सिंह अनु को किसानों ने गोवर्धन पहाड़ देवता की फूल माला नारियल अगरबत्ती से पूजा पाठ कर प्रार्थना किया कि हे भगवान हमारे गांव में आंधी तूफान ओलावृष्टि से हमारी फसल को बचाना यही प्रार्थना की गई।

### नपा को जनता से टैक्स वसूली का कोई नैतिक अधिकार नहीं: शर्मा



**सीहोर।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने एक बयान जारी सीहोर नगरपालिका की अववस्थाओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि स्वच्छता अभियान में उच्च पायदान पर आने का ढोल पीटने वाली सीहोर नगरपालिका रोज कचरा गाड़ी चलाने तक में नाकाम साबित हुई है, भोपाल नाका क्षेत्र में तो हफ्ते में एक बार कचरा गाड़ी आती है, जिससे लोगों का घर ही कचराघर बन जाता है। इसी प्रकार यहाँ पांच दिन में जल प्रदाय होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा शहर में आवारा मवेशियों और सड़क तथा फुटपाथ पर अतिक्रमण की बढ़ती समस्या को रोकने में भी सीहोर नपा बिल्कुल नाकाम साबित हुई है। आवारा मवेशियों और अतिक्रमण की वजह से लोगों को भारी परेशानी होती है और लोग दुर्घटनाओं का शिकार होते है। पंकज शर्मा ने सीहोर नपा को झूठी वाहवाही लेने के बजाय इन सभी अव्यवस्थाओं को शीघ्र ठीक करने की सलाह दी है, ताकि सीहोर की जनता को राहत मिल सके और उसकी मुसीबतें कम हो सकें। पंकज शर्मा ने अंत में कहा कि यदि सीहोर नपा इन अव्यवस्थाओं को शीघ्र ही ठीक नहीं करती है, तो उसे सीहोर नगर की जनता से टैक्स वसूलने का भी कोई अधिकार नहीं है। इन सभी सुविधाओं को देने पर ही सीहोर नपा को टैक्स वसूली का अधिकार बनता है, यदि वो ऐसा नहीं करती है तो उसे नैतिकता के आधार पर स्वयं ही जनता से टैक्स वसूली बंद कर देनी चाहिए।

# कांग्रेस ने मंत्रियों का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार भाजपा सरकार के मंत्रियों के खिलाफ धरना दिया। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ल और मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया, हालांकि इस दौरान पुलिस ने कांग्रेसियों से पुतला छीनने का प्रयास किया जिसमें कांग्रेसियों और पुलिस के बीच नोक झोक हो गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने मंत्रियों के खिलाफ नारे लगाकर इस्तीफा मांगा इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता तारिक पटेल, किसान कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष छगन दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू राजपूत, महिला नेत्री कंचन शर्मा, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, अजय यादव, इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, प्रमोद चौहान, हरीश मीणा, हेमंत वर्मा, राजीव दुबे, भूपेंद्र निमोदा, पुरुषोत्तम मीणा, बनवारी लाल, पीयूष यादव, श्रवण दीवान आदि अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### द आक्सफोर्ड स्कूल में 31वां वार्षिक खेल समारोह का समापन

# खेल, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना के लिए भी आवश्यक है: एड. जॉली कुरियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दी आक्सफोर्ड हा.से. स्कूल सीहोर में 31वां वार्षिक खेल समारोह का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. अंकित चांडक, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी इछावर, विशिष्ट अतिथि रोटे. मधुर विजयवर्गीय, रोटरी क्लब अध्यक्ष, रोटे. श्वेता विजयवर्गीय, पूर्व छात्रा व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बुशरा खान गौरी तथा अन्य अतिथि स्वरूप माता-पिता व अध्यापक उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने अतिथियों का स्वागत किया।

इसी के साथ बैंड ग्रुप द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक परेड कर अतिथियों को सलामी दी गई। फाउण्डेशनल स्टेज व अन्य कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य, एकल नृत्य, कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अंकित चांडक ने प्रतिभागियों एवं विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ विद्यालयीन खेलकूद भी आवश्यक होते हैं। इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में विकास होता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ किसी न किसी खेल में भाग लेना चाहिए। उन्होनें स्वयं की उपलब्धि के लिए ऑक्सफोर्ड विद्यालय का आभार माना। साथ ही रोटे. मधुर विजयवर्गीय ने स्कूल के प्रभारी व मेनेजमेंट को बधाई देते हुए कहा कि



यह समारोह बहुत सुचारू रूप से भव्य स्तर पर आयोजित किया गया है। उन्होने खेल में भाग लेने वाले विद्यार्थियों तथा अनुशासन का पालन करने के लिए समस्त उपस्थितगणों की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीम एवं एकल वर्ग में विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य तथा संभाग स्तर पर खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालकगण के लिए भी खेल प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा अतिथिगण के साथ ही खेल शिक्षक सुमित शर्मा को ऑक्सफोर्ड परिवार स्मृतिचिह्न भेंट किए गए। अंत में बीटिंग द रिट्रीट के द्वारा झण्डा उतारा गया व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया व ज्योति शर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन मोनिका शालिनी तिवारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के साथ पालकगण उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर सबको शुभकामनाएं दी।

### कलिकाल में मनुष्य को भगवत कथा मंगल प्रदान करती है: पूजा शर्मा




**रेहटी।** शुक्रवार को ग्राम ककरदा के मंदिर परिसर मे सार्वजनिक रूप से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पूजा शर्मा इंदौर पुंजापुरा ने कपिल अवतार, वराह अवतार एवं भगवान शंकर का पार्वती के साथ मंगल विवाह के प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि इस कलिकाल में मनुष्य को भगवत्कथा ही मंगल प्रदान करती है, तथा श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से हृदय रोग जैसी अनेक असाध्य बीमारी का भी इलाज हो जाता है । कथा सुनने से जगत की सारी दूखव्याथा दूर हो जाती है मे आगे कहा कि हिन्दूओ को सिर पर तिलक लाना चाहिए और पंडित जी जो तिलक नही लगाते उसका मुंह देखना भी पाप है परिवार मे एकता बनाए रखना चाहिए पहाड से जब तक पत्थर जुडा रहा है तो एकता रहती है जब पत्थर पहाड से गिर जाता है तो वहा गाडी की ओट लगाने मे आता है ! इसलिए परिवार से अलक हो जावोगे तो भाई-बंधु हो जाते है भोलेनाथ जी ने पार्वती जी को अमर कथा सुनाई। कथा के मे भगवान शंकर और मां पार्वती के विवाह की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई भगवान शंकर जी रुप धारण निशा पटेल ने किया था पार्वती का रूप धारण अर्पिता पटेल ने किया आरती में मुख्य यजमान कमल पटेल ने सहपत्नि भागवत कथा आरती की कथा में क्षेत्र के विधायक पंडित रमाकांत भार्गव ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की व कथा का श्रवण किया कथा वाचक पूजा शर्मा से आशीर्वाद भी लिया इस अवसर पर आसपास के सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष ने भाग लिया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा जिला सीहोर (म०प्र०)**

प्रकरण क्रमांक 1216/अ-6/2025-26
भैरूंदा, दिनांक 13/02/2026

**:: सार्वजनिक नोटिस::**

1. आशीष पंवार, अंकित पंवार आ० अशोक पंवार भाटी जाति कलोता निवासी ग्राम तजपुरा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र०

आवेदक

-:: बनाम:: -

सर्वसाधारण

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष पंवार अंकित पंवार आ० अशोक पंवार जाति कलोता निवासी ग्राम तजपुरा तहसील भैरूंदा जिला भैरूंदा म०प्र० के द्वारा ग्राम तजपुरा तहसील भैरूंदा स्थित भूमि सर्वे नंबर 2/5/2/3, 82/2/2/3 कुल किता 02 कुल रकबा 3.508 हे० भूमि के वर्तमान भूमि स्वामी रामेश्वार पंवार आ० जवारीलाल पंवार का वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के नाम नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त सबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार, फौत कृषकों के वैध वारिसानों या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 27/02/2026 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा प्रकरण में विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार,**
**तहसील भैरुंदा**

### जनवरी की रैंकिंग में ग्वालियर व रतलाम को पछाड़ते हुए ग्रुप-ए में प्राप्त किया यह गौरव

# क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम में राजगढ़ पुलिस प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले को गौरवान्वित करते हुए पुलिस टीम ने क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की जनवरी 2026 की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जांच को तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए पुलिस आजकल कई महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयरों की मदद से क्ा्रइम की गुत्थी सुलझाते हैं।

सीसीटीएनएस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो सभी थानों को एक साथ जोडकर अपराध और अपराधियों का रियल-टाइम डेटाबेस तैयार कर अपराधियों की धरपकड़ करता है। उल्लेखनीय उपलब्धि पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के प्रभावी मार्गदर्शन में जिले की समस्त पुलिस इकाइयों द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल पर किए गए गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं तकनीकी रूप से सटीक कार्य का परिणाम है।

**CCTNS Ranking Group A, January 2026**

| S.N. | District | Data Quality Score (Out of 80) | Data Quantity Score (Out of 80) | Total (Out of 160) | RANK |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RAJGARH | 73 | 80 | 153.00 | 1 |
| 2 | GWALIOR | 68.2 | 81 | 149.20 | 2 |
| 3 | RATLAM | 67 | 80 | 147.00 | 3 |
| 4 | SHIVPURI | 65 | 78 | 143.00 | 4 |
| 5 | MANDSAUR | 63 | 80 | 143.00 | 4 |
| 6 | SATNA | 60 | 78 | 138.00 | 5 |
| 7 | MORENA | 58 | 80 | 138.00 | 5 |
| 8 | JABALPUR | 53 | 77 | 130.00 | 6 |
| 9 | BHOPAL (Urban) | 54.33 | 75 | 129.33 | 7 |
| 10 | SEHORE | 55 | 74 | 129.00 | 8 |
| 11 | NARSINGHPUR | 54 | 74 | 128.00 | 9 |
| 12 | INDORE (Urban) | 51 | 75 | 126.00 | 10 |
| 13 | UJJAIN | 51.6 | 74 | 125.60 | 11 |
| 14 | CHHINDWARA | 46.8 | 76 | 122.80 | 12 |
| 15 | BURHANPUR | 57 | 64 | 121.00 | 13 |
| 16 | BETUL | 52 | 68 | 120.00 | 14 |
| 17 | SEONI | 49 | 70 | 119.00 | 15 |
| 18 | KHARGONE | 59.00 | 59 | 118.00 | 16 |
| 19 | DEWAS | 37.60 | 80 | 117.60 | 17 |
| 20 | KATNI | 51.00 | 61 | 112.00 | 18 |
| 21 | CHHATARPUR | 54.14 | 50 | 104.14 | 19 |
| 22 | DAMOH | 48.5 | 51 | 99.50 | 20 |
| 23 | DHAR | 44.00 | 54 | 98.00 | 21 |
| 24 | SAGAR | 39 | 42 | 81.00 | 22 |
| 25 | REWA | 38.5 | 34 | 72.50 | 23 |




**डेटा क्वालिटी और क्वांटिटी में आए अव्वल**

*इस रैंकिंग में जिला राजगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। जिला राजगढ़ को इस रैंकिंग में निम्नांकित अंक प्राप्त हुए*
*डेटा क्वालिटी स्कोर - 73/80*
*डेटा क्वांटिटी स्कोर - 80/80*
*कुल स्कोर - 153/160*
*जो कि ग्रुप-ए के समस्त जिलों में सर्वाधिक है।*

### ग्वालियर और रतलाम जैसे जिलों को पछाड़ा

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में ग्रुप-ए की सूची में प्रदेश के कई जिलों को पछाड़ते हुए यह स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में ग्वालियर द्वितीय स्थान पर तथा रतलाम तृतीय स्थान पर रहा। इसके बाद शिवपुरी एवं मंदसौर ने संयुक्त रूप से उच्च स्थान प्राप्त किया।

### जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयास रहेंगे जारी : एसपी तोलानी

प्रदेश में मिली इस सफलता में पुलिस अधीक्षक ने जहां जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी, (सीसीटीएनएस) नोडल अधिकारी एवं संबंधित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों की निरंतर मॉनिटरिंग, टीमवर्क, तकनीकी दक्षता एवं प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका को माना है। वहीं उन्होंने कहा कि जिला राजगढ़ पुलिस भविष्य में भी डिजिटल पुलिसिंग, अपराध अनुसंधान में तकनीक के अधिकतम उपयोग, पारदर्शिता एवं जन-विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### प्रतियोगिता में जनपद क्षेत्र की 5 पंचायतों के खिलाड़ियों ने की सहभागिता

# पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने टीमों का चयन

**भारत की पारंपरिक खेल विधाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जनपद क्षेत्र की 5 पंचायतों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार एवं 5 हजार की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी शर्मीला डाबर ने किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक राजकुमार प्रजापति, क्रीडा शिक्षक देवेंद्र सक्सेना, मुकेश शर्मा, चंदा खान, सचिन शर्मा,इंद्र नारायण श्रीवास,राम भील,रामवीर किशन बैरागी, एवं सैकड़ों खिलाड़ी उपस्थित रहे। संभागीय खेल अधिकारी शर्मीला डाबर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पारंपरिक खेल विधाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर जिला एवं राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में हो रहा आयोजन

# जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला 23, 24 व 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग राजगढ़ द्वारा दी गई जानकारी अनुसार कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, नेशनल मिशन ऑन इडिवल ऑयल तिलहन एवं आत्मा योजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान मेला का तीन दिवसीय आयोजन मोहनपुरा कृषि धाम मोहनपुरा डेम के पास राजगढ़ में 23, 24 एवं 25 फरवरी 2026 को कृषक प्रशिक्षण स्थल पर किया जाएगा।

# बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य व कैंसर जागरुकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर


बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लायंस क्लब सारंगपुर इकाई द्वारा स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी के नेतृत्व में स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर स्कूल में संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तसलीम मंसूरी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मंसूरी ने विशेष रूप से किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक समस्याओं, पोषण, स्वच्छता एवं वैज्ञानिक देखभाल के बारे में समझाया। उन्होंने छात्राओं को संकोच छोड़कर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी तथा उनके प्रश्नों के समाधान भी दिए। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व सचिव लायन अंजली प्रदीप जोशी द्वारा किया गया। अंत में स्कूल की संचालिका एवं क्लब सदस्य दिव्या अतुल जोशी ने सभी अतिथियों, चिकित्सक एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शिविर में क्लब की वरिष्ठ महिला सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं, जिनमें भूतपूर्व अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल, लायन ममता शर्मा, लायन नीता मकोडिया, लायन भावना दंडवानी, लायन मेघना जोशी, लायन रूपा बारीकियां और लायन सुरभि चैहान शामिल थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शास्त्री स्कूल के संचालक एवं क्लब सदस्य लायन अतुल जोशी, लायन महेश शर्मा, लायन राजेंद्र पालीवाल तथा सचिव लायन प्रदीप चैहान का विशेष सहयोग रहा।



### सरकार को प्रतिदिन हो रहा हजारों रुपए के राजस्व का नुकसान, जिम्मेदार मौन

# बगैर मंडी टैक्स चुकाए धड़ल्ले से हो रहा संतरे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से व्यापारी संतरा खरीद कर नगर में संतरा एकत्रित कर बिना मंडी टैक्स चुकाए बड़ी मात्रा में संतरे के व्यापार का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर जगह-जगह अस्थाई मंडियां लगाकर बड़ी मात्रा में संतरे की खरीद-फरोख्त की जा रही है। यह कारोबार बिना वैध कर प्रक्रिया पूरी किए संचालित हो रहा है और संतरे को ट्रकों के माध्यम से दूसरे प्रदेशों में सप्लाई किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से व्यापारियों द्वारा सीधे किसानों से संतरा खरीदा जा रहा है। इसके बाद इन्हें निजी गोदामों और शेडों में एकत्र कर लकड़ी एवं कैरेट के बक्सों में पैक किया जाता है। पैकिंग के बाद माल ट्रकों में भरकर प्रदेश की सीमाओं के बाहर भेजा जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में मंडी शुल्क और अन्य करों की अनदेखी किए जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों की साठगांठ के चलते यह व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। यदि संतरे की खरीदी मंडी नियमों के तहत हो तो शासन को राजस्व प्राप्त हो सकता है, लेकिन बिना पंजीयन और बिना टैक्स के हो रहे इस कारोबार से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं वैध रूप से व्यापार करने वाले कारोबारियों में भी असंतोष देखा जा रहा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संतरे का संग्रहण और बाहर सप्लाई होने से यह स्पष्ट है कि व्यापार संगठित तरीके से संचालित हो रहा है। अब सवाल यह उठता है कि संबंधित विभाग इस और कब तक अनदेखी करते रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि अवैध व्यापार पर रोक लगाई जा सके और शासन को राजस्व हानि से बचाया जा सके।

**इनका कहना है...**

मुझे आपने बताया। मैं मंडी अधिकारी से इस बारे में बात करता हूं।

**रोहित बम्होरे,** एसडीएम सारंगपुर

# डकैती की योजना बनाते 6 गिरफ्तार, पुलिस ने हथियार व मिर्च पाउडर बरामद किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के नवीन बायपास रोड ब्रिज के नीचे राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे 6 शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किसी घटना को नहीं होने दिया। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से खटकेदार चाकू, लाठी-डंडे और मिर्च पाउडर बरामद किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि 6 हथियारबंद व्यक्ति माचलपुर रोड बायपास ब्रिज के नीचे छिपकर सुसनेर-जीरापुर बायपास मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 1 खटकेदार चाकू, लाठी-डंडे एवं मिर्च पाउडर बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 54/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(4), 310(5), 310(6) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी संजय कुशवाहा (24) निवासी बड़ी खेड़ी सोयत जिला आगर मालवा, अनिल राठौड़ (25) निवासी जमाई कॉलोनी जीरापुर , अब्दुल नजीब खान (23) निवासी हरिनगर कॉलोनी सुसनेर , शाहरुख मंसूरी (24) निवासी मोड़ी सुसनेर रफीक खान (38) निवासी गागोरनी जीरापुर , मिथुन मेघवाल (23) निवासी सोयत जिला आगर मालवा को गिरपतार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा।

# सुनील वर्मा का भारतीय नौसेना में अग्निवीर के रूप में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ के लिए यह गौरव और हर्ष का क्षण है कि बीएससी द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्र सुनील वर्मा का चयन इंडियन नेवी में अग्निवीर के रूप में हुआ है। ग्राम बाईहेड़ा तहसील खिलचीपुर जिला राजगढ़ के सुनील ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। वे 21 फरवरी, 2026 को नौसेना के सुप्रसिद्ध प्रशिक्षण केंद्र में रिपोर्ट करेंगे, जहाँ से उनके राष्ट्रसेवा के स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत होगी।



**संघर्ष से सफलता तक**

*सुनील वर्मा की सफलता केवल एक चयन नहीं, बल्कि यह उस संघर्ष, संकल्प और सपनों की जीत है जो उन्होंने अपने मन में संजोए थे। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं हटाया। नियमित अध्ययन, शारीरिक तैयारी और दृढ़ आत्मविश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। उनकी यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो, तो सफलता निश्चित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीबी खरे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुनील वर्मा की यह सफलता पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि वे भारतीय नौसेना में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।*

### पुलिस टीम ने सिटी थाने में रखा सुरक्षित, नहलाया और करवाई कटिंग

# निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सिटी थाना ब्यावरा पुलिस और सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले के संयुक्त प्रयास से राजगढ़ रोड से एक निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति को रेस्क्यू किया गया। यह व्यक्ति अत्यंत दयनीय अवस्था में सड़क पर घूमता हुआ मिला। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। पूछताछ के दौरान वह स्वयं को कर्नाटक क्षेत्र का बता रहा था, किंतु अपना पूरा नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। बातचीत में उसने अपना नाम शिवा बताया।

पुलिस टीम द्वारा उसे सुरक्षित सिटी थाने में रखा गया, जहां पहले उसे नहलाया-धुलाया गया और उसके बालों की कटिंग कराई गई। इसके बाद खुशियों के ओटले की टीम ने उसे नए वस्त्र पहनाए और भोजन की व्यवस्था की। कुछ ही समय में उसकी सूरत और स्थिति में इतना बदलाव आया कि लोग पहचान ही नहीं पा रहे थे कि यही वही व्यक्ति है, जो कुछ समय पहले बेहद गंदी हालत में इधर-उधर भटक रहा था।

उल्लेखनीय है कि कई लोग उसे गलतफहमी में बच्चा चोर तक समझने लगे थे। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे रेस्क्यू किया और मानवीय संवेदनाओं के साथ उसकी देखभाल की। वर्तमान में ब्यावरा पुलिस थाना की टीम और खुशियों के ओटले के सदस्य मिलकर उसे उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मानव सेवा कार्य में विशेष सहयोग थाना टीआई विरेंद्र धाकड़, दिनेश किरार, पियूष गुप्ता तथा खुशियों के ओटले के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह का रहा। पुलिस और सामाजिक संस्था के इस संयुक्त प्रयास ने समाज में मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है।



### तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर किए जा रहे कार्य

# निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, साइट इंजीनियर नदारत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं, शासकीय भवनों के रखरखाव, भवन निर्माण एवं बाउंड्री वॉल जैसे कार्यों के लिए विधायक एवं सांसद की अनुशंसा पर लाखों-करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत कर विधिवत टेंडर जारी किए जाते हैं। लेकिन क्षेत्र में चल रहे कुछ निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं की चर्चा सामने आ रही है।

स्थानीय स्तर पर आरोप है कि संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर कार्य किए जा रहे हैं और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से लेकर पूर्ण होने तक विभागीय अधिकारियों के साइट पर निरीक्षण के अभाव की भी चर्चा है। जनचर्चा के अनुसार, मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया भी बिना मौके पर निरीक्षण के पूरी कर ली जाती है। हालांकि, जब भी इस संबंध में सवाल उठाए जाते हैं तो विभागीय स्तर पर यही जवाब दिया जाता है कि नियमों के विरुद्ध कार्य पाए जाने पर भुगतान में कटौती की जाएगी और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।



**इनका कहना है**

गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा कार्य।

स्वाति अग्रवाल, एसडीओ, पीआईयू राजगढ़

**महाविद्यालय परिसर में निर्माण कार्यों पर सवाल**

इसी प्रकार का मामला सारंगपुर के महाविद्यालय परिसर में सामने आया है, जहां बाउंड्री वॉल एवं नवीन कक्ष निर्माण का कार्य जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य तकनीकी दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण नहीं दिख रहा है। मौके पर निर्माण एजेंसी का कोई इंजीनियर मौजूद नहीं है, जिससे कार्यप्रणाली पर संदेह गहरा रहा है। यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य पेटी कॉन्ट्रैक्टर को सौंप दिया गया है, जो मजदूरों और मिस्त्रियों के माध्यम से अपनी सुविधा अनुसार निर्माण कार्य करवा रहा है। अब देखना यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से हो रहे इन विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जिम्मेदार अधिकारी कब तक ध्यान देते हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगता की पहचान के लिए लगाए जाएंगे शिविर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के शून्य से 18 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक संभावित दिव्यांग बच्चे की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जाएगा और चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी निर्देशानुसार 23 फरवरी को इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में, 24 फरवरी को आष्टा जनपद पंचायत सभाकक्ष में, 26 फरवरी को भैरूंदा जनपद पंचायत सभाकक्ष में, 27 फरवरी को रेहटी नगर परिषद में, 10 मार्च को बुधनी जनपद पंचायत सभाकक्ष में और 12 फरवरी को शाहगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 10 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविरों के लिए संबंधित नगर पालिका सीएमओ और जनपद सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराएं

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक एक लाख 81 हजार 793 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। पंजीयन की कार्यवाही 7 मार्च तक जारी रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है मंत्री राजपूत ने बताया कि भोपाल में 41 हजार 268 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### आयुष्मान घोटाला: कांग्रेस ने जांच टीम की नियत पर खड़े किए सवाल

# तीन पूर्व बीएमओ सहित लेखापाल को किया तलब, जांच दल ने लिए बयान

स्वास्थ विभाग द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम ने गुरुवार को मामले से जुड़े तत्कालीन पूर्व बीएमओ सहित लेखापाल के बयान दर्ज किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





सिविल अस्पताल आष्टा में आयुष्मान योजना अन्तर्गत प्रोत्साहन राशि (इनसेंटिव) में 46 लाख रुपए से अधिक के हुए घोटाले में आयुष्मान भारत निरामयम विभाग के आदेश पर सीहोर स्वास्थ विभाग द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम ने गुरुवार को मामले से जुड़े तत्कालीन पूर्व बीएमओ सहित लेखापाल के बयान दर्ज किए। इस दौरान जांच टीम ने कई तथ्यों पर लिखित में बयान दर्ज किए हैं। वही अब पूरे मामले पर कांग्रेस ने भी मोर्चा खोलते हुए सीहोर के स्वास्थ विभाग की नियत पर सवाल खड़े करते हुए सिविल अस्पताल आष्टा का भ्रष्टाचार का अड्डा तक बता दिया है।

गौरतलब है कि सिविल अस्पताल आष्टा में डॉक्टरों और नर्सों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार और आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा ने लेखापाल और तत्कालीन बीएमओ के साथ साठगांठ कर 46 लाख रुपए से अधिक की राशि अपने रिश्तेदारों के खातों में डालकर घोटाले को अंजाम दिया था। लिहाजा तत्कालीन डॉक्टर एके जैन की शिकायत के बाद यह पूरा मामला उजागर हुआ था। जिसके बाद आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के आदेश पर स्वास्थ विभाग सीहोर ने 6 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। जिसके बाद से जांच टीम ने गुरुवार को तत्कालीन तीनों बीएमओ डॉक्टर प्रवीर गुप्ता, डॉक्टर सुरेश माहौर, डॉक्टर जीडी सोनी, सेवा निवृत लेखापाल एमएल वर्मा को सीहोर तलब कर अहम पहलूओ पर पूछताछ कर लिखित में बयान दर्ज किए। लिहाजा पूरे घोटाले को अंजाम देने वाले प्रमोद परमार और जगदीश मेवाड़ा के बयान अब भी होना बाकी है इधर अब सीहोर स्वास्थ विभाग की नियत पर ही सवाल खड़े होना शुरू हो गए हैं मामले में कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने इतने बड़े घोटाले में तत्काल कोई कार्यवाही नहीं होना और जांच के नाम की जा रही लेट लतीफी पर सिविल अस्पताल को भ्रष्टाचार का अड्डा बताते हुए स्वास्थ विभाग की नियत पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।


### तीन पूर्व बीएमओ के हुए लिखित में हुए बयान, तीनों ने झाड़ा पल्ला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को 6 सदस्यीय गठित जांच टीम ने मामले से जुड़े तत्कालीन अधिकारियों,कर्मचारियों को बयान के लिए पत्र लिखकर बुलाया था। ऐसे में गुरुवार को तत्कालीन बीएमओ डॉक्टर प्रवीर गुप्ता और डॉक्टर सुरेश माहौर, सेवा निवृत लेखापाल एमएल वर्मा ने सीहोर जिला स्वास्थ मुख्यालय पहुंच कर जांच दल के समक्ष लिखित में बयान दर्ज कराए तो वही पूर्व बीएमओ जीडी सोनी ने शुक्रवार को पहुंच कर लिखित में बयान दिए। इस दौरान सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इन सभी बीएमओ ने इस घोटाले से अपना पल्ला झाड़ लिया है और इस घोटाले में शामिल होने से सीधे सीधे इंकार कर दिया है। ऐसे में अब सिविल अस्पताल के फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार और जगदीश मेवाड़ा, सेवा निवृत लेखापाल एमएल वर्मा पर गाज गिरना लगभग तय माना जा रहा है।


Harpal Thakur
@HarpalThakurMP
Show translation
मुख्यमंत्री @DrMohanYadav51 जी सीहोर जिले में आष्टा अस्पताल में आयुष्मान योजना की 46 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि अपने लोगों के खाते में डालकर हड़प लिया गया और अभी तक हड़पने वाले अपनी जगह पर ड्यूटी भी कर रहे हैं @CMMadhyaPradesh तत्काल निर्देश जारी कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराकर उनको पद से हटाते हुए हुए आष्टा एवं जावर अस्पतालों में हुए संपूर्ण भ्रष्टाचार की जांच करवा कर ठोस कार्यवाही कराए!!
@CollectorSehore

### कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को किया ट्वीट मामला दर्ज कर पद से हटाने की मांग

इधर 20 दिनों से ज्यादा हो गए हैं मामले को उजागर हुए


कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/सिविल अस्पताल आष्टा
खण्ड चिकित्सा अधिकारी/मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी
कार्यकाल सूची

| क्र | नाम | कार्यकाल |
|---|---|---|
| 01 | डॉ बी सी ओझा | 06 08 1984 से 01 02 1989 |
| 02 | डॉ डी के गुप्ता | 02 02 1989 से 11 05 1992 |
| 03 | डॉ एस के श्रीमाल | 12 05 1992 से 05 11 1993 |
| 04 | डॉ टी एन चतुर्वेदी | 06 11 1993 से 23 08 1994 |
| 05 | डॉ आर सी गुप्ता | 24 08 1994 से 06 11 2009 |
| 06 | डॉ प्रवीर गुप्ता | 07 11 2009 से 10 04 2010 |
| 07 | डॉ एम एच आन्सारी | 11 04 2010 से 10 09 2010 |
| 08 | डॉ प्रवीर गुप्ता | 11 09 2010 से 19 09 2022 |
| 09 | डॉ एस के माहौर | 20 09 2022 से 15 02 2024 |
| 10 | डॉ गंभीर पटेल | 16 02 2024 से 19 02 2024 |
| 11 | डॉ जी डी सोनी | 20 02 2024 से 31 05 2025 |
| 12 | डॉ अमित गणेश माथुर | 01 06 2025 से |

लिहाजा अब कांग्रेस ने भी इस घोटाले पर भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है और कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने एक्स पर मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव को एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा है कि सिविल अस्पताल आष्टा भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और अब सिविल अस्पताल में 46 लाख रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि अपने रिश्तेदारों के खाते में डालकर हड़पने वाले कर्मचारी अपनी जगह पर ड्यूटी कर रहे हैं मुख्यमंत्री तत्काल दोषियों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए पद से हटाकर ठोस कार्रवाई कराए।

**तीनों बीएमओ के बयान लिए**

हमने मामले से जुड़े तीन तत्कालीन बीएमओ डॉक्टर प्रवीर गुप्ता, डॉक्टर सुरेश माहौर, डॉक्टर जीडी सोनी और लेखापाल एमएल वर्मा को पत्र लिखकर बुलाया था, जिनसे लिखित में बयान लिए गए हैं वही जांच आगे भी चलेगी इसके बाद ही कार्रवाई को लेकर कुछ कहेंगे।

**डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव,** सिविल सर्जन

# जावर ब्लाक कांग्रेस ने मंत्रियों के पुतले जलाकर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ब्लॉक कांग्रेस जावर जिला सीहोर के नेतृत्व में प्रदेश के तीन मंत्रियों का पुतला दहन किया प्रदेश कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के निर्देश पर प्रदेश सरकार के तीन कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी दूषित पेयजल के दोषी,विजय शाह सेना के अपमान करने के दोषी, राजेंद्र शुक्ल जहरीले कफ सिरप के दोषी के खिलाफ पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ एवं सम्मानित सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ ही प्रदेश के लोकप्रिय नेता एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के विरुद्ध कैलाश विजयवर्गीय द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी पर आक्रोश प्रकट किया गया।

किए गए विरोध प्रदर्शन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र भरेवा, जगदीश प्रजापत, धीरज सिंह ठाकुर, मयंक चौरसिया, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, हरपाल ठाकुर, आबिद हुसैन, धर्मेंद्र भरेवा, करण भरेवा, पवन ठाकुर, चेतन सिंह ठाकुर योगेंद्र ठाकुर बमुलिया, जोगेंद्र भाटी ,राजू कुरैशी, इमरान मंसूरी, मायाराम वेद, जगदीश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में सभी कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर शिविर लगाकर 571 बच्चों का टीकाकरण किया गया



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 20 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 386 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 185 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 75 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# भाजपा के मंत्रियों का पुतला जलाकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी नेतृत्व में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ला, विजय शाह का पुतला दहन किया। और मांग की गई की इन दोषी मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। दूषित जल पीने के कारण इंदौर मे लगभग 32 लोगों की जान चली गई है सरकार द्वारा कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई। मंत्री कैलाशविजयवर्गीय से सवाल किया तो कहा घंटा मौत हुई है इसी तरह भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक की टिप्पणी की गई। जिस पर उन्हें कोर्ट द्वारा भी फटकारा गया। लेकिन सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ला उनके रहते हुए भी जहरीली कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मृत्यु हो गई।

मध्य प्रदेश की मोहन यादव की सरकार को कोई फर्क नहीं पडा। और इन मंत्रियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई गई। कहा आपकी औकात क्या है। कैलाश विजयवर्गी का यह यह वक्तव्य पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। इन सभी बातों का विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी के नेतृत्व में पुतला दहन किया। इस पुतला दहन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता भैया मियां, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर मीना सिंगी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शोभाल सिंह ठाकुर मुगली भैया एमपी पूर्व पार्षद, सोबालसिंह बागेर, इदरीश मंसूरी सुनील शेट्टी विनीत सिंघी अमित पटेल लोकेंद्र भाटी, शेख नईमुद्दीन रामचरण दवारिया, लोकेंद्र बनवट तौसीफुद्दीन फैजुद्दीन, नरेंद्र कुशवाह, पंकज मुकाती, संदीप ठाकुर इमरान डीलक्स रईस मंसूरी बंसीलाल बॉम्बे, राहुल राहुल, सुरेन्द्र ठाकुर, दिलीप आंवले, सुहागमल जैन मनीष डोंगरे राजेश इंजीनियर नफीस परमानंनद सेन, पल्लव प्रगति रामप्रसाद मालवी विष्णु प्रसाद रूप सिंह गोरिया पचौरी किशन मामा विनोद भीमपुरा चंद्र सिंह पदमसी रमेश चंद्र पदमसी अनार सिंह जय सिंह खालिद खाकी मेहरबान सिंह दिलीप मालीखेड़ी अमजद खान रेवाराम विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज के महान व्यक्तित्व को सामाजिक परिधियों में नहीं बांधा जा सकता: कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महा प्रतापी चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज हम सबके प्रेरणा पुंज है उनका महान व्यक्तित्व मानवीय गरिमा लोक कल्याण और पर्यावरण को समर्पित रहा उनकी जनकल्याणकारी नीतियां आज के समय में भी प्रासंगिक है। राजा भोज का जीवन न्याय, शिक्षा, संस्कृति, पराक्रम और लोककल्याण का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी हमें समाज में एकता, संगठन और राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

इस आशय के विचार पूर्व नपा अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक्जीक्यूटिव मेंबर कैलाश परमार ने सीहोर नगर पालिका एवं परमार समाज के तत्वावधान में आयोजित राजा भोज मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का निमंत्रण देने पधारे, नगर पालिका परिषद सीहोर के वरिष्ठ पार्षद विजेंद्र परमार, मार्केटिंग सोसाइटी इच्छावर के पूर्व अध्यक्ष रामनारायण परमार, परमार समाज के अग्रणी जितेंद्र परमार, देवराज परमार, एम एस परमार, विमल परमार, परमार समाज के सोशल मीडिया प्रभारी राजपाल परमार सहित उपस्थित समाज जनों के मध्य व्यक्त कर नगरपालिका परिषद सीहोर का राजा भोज की प्रतिमा स्थापित करने हेतु आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, सकल समाज आष्टा के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, युवा समाज सेवी शुभम शर्मा, अर्जुन सिंह अजय, नरेंद्र सिंह ठाकुर खड़ी आदि भी उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य है कि 22 फरवरी को सुबह 11 बजे से सीहोर में राजा भोज की प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा जिसमें भारी संख्या में राजा भोज के वंशज इस अंचल के परमार समाज के लोग शामिल होंगे, पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने सभी समाज के सुधी जनों से कार्यक्रम में पधारने की अपील की है। समाजजनों के समक्ष आयोजित किए जा रहे इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने तथा सामाजिक चेतना को मजबूत करने का संकल्प दोहराया जाएगा।

पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने कहा की इस आयोजन की सफलता के लिए सभी आयोजकों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं को हृदय से साधु वाद एवं अभिनंदन प्रेषित करते है। हम सभी मिलकर राजा भोज के आदर्शों पर चलने और पवार क्षत्रिय समाज को संगठित, सशक्त एवं जागरूक बनाने का संकल्प लें।

### जनगणना कार्य में नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में चार्ज जनगणना अधिकारियों ने सीखी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जनगणना कार्य में नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों को कलेक्टर कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन की उपस्थिति में दिया गया। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण दो दिवसीय दो रहेगा। जनगणना निदेशालय मध्य प्रदेश के उपसंचालक राजेश मौर्य एवं सोनिका गर्ग द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा चार्ज जनगणना अधिकारियों को प्रक्रिया में आंकड़ों की सटीकता के महत्व आदि की जानकारी से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया गया।उन्होंने प्रशिक्षण में जनगणना के दौरान डेटा संग्रह और उसके जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में आंकड़ा संग्रहण करने, घर-घर जाकर स्वयं के मोबाइल फोन में एप के माध्यम से जानकारी एकत्रित करना तथा स्वगणना (एसई) पोर्टल के माध्यम से जानकारी का एकत्रीकरण किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों को मोबाइल एप के उपयोग, मकान सूचीकरण, एचएलबी का लेआउट तैयार करना, एचएलओ एप के माध्यम से डाटा एकत्रित करना सहित पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने जैसे घटकों की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण में बताया कि जनगणना कार्य का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के रूप में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस किया जाएगा। यह कार्य पूर्णतः एचएलओ एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया, एप का उपयोग एवं संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से समझाए गए। इस दौरान बताया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर शासन द्वारा अधिसूचित प्रश्नावली के अनुसार जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, धारित परिसंपत्ति तथा अन्य संबंधित जानकारी शामिल है। यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं डिजिटल रूप से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# शांति सुरक्षा हेतु पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

एसपी पुनीत गेहलोद व सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे के निर्देशानुसार आगामी होली, रंग पंचमी, रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु भौंरासा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। उक्त फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का भय उत्पन्न करना था, फ्लैग मार्च में नवागत भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। फ्लैग मार्च एमजी रोड से पूरे नगर में होते हुए थाना परिसर पर समाप्त हुआ।